# **बीएचईएल ने भारी उद्योग व्यवसायिक खंड में मोस्ट इनोवेटिव कंपनी के रूप में क्लैरिवेट साउथ एंड साउथ ईस्ट एशिया इनोवेशन पुरस्कार 2021 प्राप्त किया**




नई दिल्ली, 18 अक्तूबर: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को भारतीय कॉर्पोरेशन- भारी उद्योग व्यवसायिक खंड में नवाचार प्रयासों में अग्रणी होने के सम्मान स्वरूप क्लैरिवेट साउथ एंड साउथ ईस्ट एशिया इनोवेशन अवार्ड 2021 के विजेता के रूप में चुना गया है। यह पुरस्कार बीएचईएल को भारत में शीर्ष नवप्रवर्तकों की श्रेणी में लाता है। बीएचईएल ने इससे पहले यह पुरस्कार वर्ष 2018 और 2020 में भी प्राप्त किया है।

वर्चुअल माध्यम से आयोजित क्लैरिवेट साउथ एंड साउथ ईस्ट एशिया इनोवेशन फोरम में क्लैरिवेट पुरस्कारों की घोषणा पहले ही की जा चुकी थी। श्रीमती रेणुका गेरा, निदेशक (आईएस एंड पी, अतिरिक्त प्रभार ई, आर एंड डी) ने बीएचईएल की ओर से यह पुरस्कार; श्री रजत सिक्का, निदेशक-बौद्धिक संपदा समूह, दक्षिण एशिया एवं दक्षिण पूर्व एशिया क्लैरिवेट एनालिटिक्स से प्राप्त किया।